tापमान

अधिकतम 24.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

# हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 4 जुलाई 2026


11 नवप्रवेशी बच्चों का आत्मीय स्वागत





12 प्राइवेट एजेंसी की मनमानी से कर्मचारी परेशान







हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
04 जुलाई 2026
कूपन नं.
6


# नकली एवं मिलावटी खाद की बिक्री होने से किसानों में उपजा रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

खरीफ कृषि सीजन के दौरान किसानों को नकली एवं मिलावटी खाद ऊंचे दामों पर बेचे जाने को लेकर इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति ने प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया है। समिति के अध्यक्ष पूरन सिंह कश्यप ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपते हुए किसानों के साथ हो रही कथित धोखाधड़ी पर तत्काल कठोर कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर ए.आर. राणा को सौंपा गया। उन्होंने बताया कि जिले के कई क्षेत्रों से किसानों से शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि उन्हें नकली एवं मिलावटी खाद ऊंचे दामों पर बेची जा रही है। किसानों का आरोप है कि खाद के नाम पर मिट्टी जैसी घटिया एवं मिलावटी सामग्री दी जा रही है जिससे फसलों की वृद्धि प्रभावित हो रही है और किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसान मजबूरी में निर्धारित मूल्य से कई गुना अधिक कीमत पर खाद खरीदने को विवश हैं। उनके अनुसार लगभग 266 मूल्य की डीएपी खाद 1,200 में खरीदनी पड़ रही है, वहीं 1,300 की डीएपी खाद 2,000 से 2,500 तक में बेची जा रही है। इससे किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते नकली एवं मिलावटी खाद की बिक्री पर रोक नहीं लगाई गई तो फसल प्रभावित हो सकती है। ज्ञापन में प्रशासन से जिले के सभी खाद विक्रेताओं, गोदामों एवं भंडारण स्थलों की तत्काल जांच कराने, संदेहास्पद खाद के नमूने लेकर प्रयोगशाला में गुणवत्ता परीक्षण कराने तथा दोषी दुकानदारों एवं एजेंसियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई है। साथ ही दोषी पाए जाने पर उनका लाइसेंस निरस्त करने, नियमित निरीक्षण व्यवस्था लागू करने तथा कृषि विभाग के माध्यम से किसानों को असली एवं नकली खाद की पहचान के संबंध में जागरूकता अभियान चलाने की भी मांग की गई है।

**इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन**





### जांच के दिए निर्देश

डिप्टी कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को तत्काल जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा शिकायतों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### जमीन सीमांकन के दौरान तलवार लेकर धमकाने वाला गिरफ्तार



**जगदलपुर।** जमीन सीमांकन के दौरान आम लोगों को धारदार तलवार लेकर डराने धमकाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला नगरनार थाना क्षेत्र के मारकेल सिवनागुड़ा पारा का है। एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी तारतम्य में सार्वजनिक स्थल में तलवार लेकर आम लोगों को डराने धमकाने की सूचना पर टीआई नगरनार संतोष सिंह के नेतृत्व में टीम ग्राम मारकेल शिवनागुड़ापारा पहुंची। घटनास्थल पर जमीन सीमांकन के दौरान आरोपी विश्वकर्मा कश्यप द्वारा धारदार लोहे का तलवार लहराकर आम लोगो को डरा धमकाकर भयभीत कर गांव का माहौल खराब कर रहा था जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से एक धारदार लोहे का तलवार को बरामद कर जब्त किया गया।

**72 बच्चों की पढ़ाई रुकते ही पहुंचे अफसर, दी समझाइश**

# बड़े अलनार स्कूल में शिक्षक की कमी, नाराज ग्रामीणों ने जड़ा ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

■ अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद मिडिल स्कूल से टीचर की व्यवस्था

बस्तर ब्लॉक के जनपद प्राथमिक शाला बड़े अलनार संकुल देवड़ा में 72 बच्चे अध्ययन कर रहे हैं। शिक्षक की कमी को लेकर ग्रामीणों ने स्कूल में ताला बंद कर दिया। स्थाई शिक्षक की मांग को लेकर सरपंच और ग्रामीणों ने स्कूल बंद कर सोशल मीडिया पर ताला न खोलने का आह्वान किया था। मामले की जानकारी मिलते ही शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया। जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल, बीईओ भारती देवांगन, एबीईओ सुशील तिवारी और बीआरसी आजम्बर कोर्राम समेत पूरी टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने सरपंच और ग्रामीणों से चर्चा कर शिक्षा व्यवस्था को लेकर बात की। ग्रामीणों का कहना था कि स्कूल में शिक्षक नहीं होने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। जब तक स्थाई शिक्षक की भर्ती नहीं होती तब तक स्कूल नहीं खुलने दिया जाएगा। अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाइश दी और तत्काल मिडिल स्कूल के एक टीचर को प्राथमिक शाला में अध्यापन कार्य के लिए व्यवस्था की। इसके बाद स्कूल का ताला खुलवाया गया। वर्तमान में दो शिक्षक अध्यापन कार्य करवा रहे हैं। ग्रामीणों की मांग शिक्षक की मूल पद स्थापना की है जो विभाग की भर्ती प्रक्रिया के तहत ▶▶|शेष पेज 10 पर



### एक शिक्षक की गई व्यवस्था

बीईओ भारती देवांगन ने बताया कि माध्यमिक शाला और जनपद प्राथमिक शाला दोनों एक ही परिसर में संचालित हैं। पिछले वर्ष भी ग्रामीणों ने शिक्षक की कमी को लेकर खंड शिक्षा कार्यालय में शिकायत की थी। तब संज्ञान में लेकर एक अतिरिक्त शिक्षक को माध्यमिक शाला से प्राथमिक शाला में अध्यापन के लिए व्यवस्था की गई थी।

# थाने से 50 मीटर दूर सोने की दुकान में चोरी

■ पूर्व विधायक चंदन का हल्ला बोल, कहा- पुलिस नाकाम

**बस्तर।** भानपुरी में थाने से महज 50 मीटर की दूरी पर सोने की दुकान सहित कई जगहों पर ताबड़तोड़ चोरियों से व्यापारी दहशत में हैं। कैबिनेट मंत्री के गृह क्षेत्र में पिछले एक महीने के भीतर 6 बड़ी चोरियों ने पुलिस प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पूर्व विधायक चंदन कश्यप ने पुलिस की निष्क्रियता पर नाराजगी जताई है।

पूर्व विधायक चंदन ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि भानपुरी जैसे मुख्य मार्ग और व्यस्त इलाके में एक महीने में छह बड़ी चोरियां होना दुर्भाग्यपूर्ण है। शातिर चोरों ने भानपुरी थाने से 50 मीटर की दूरी पर स्थित सोने की दुकान समेत कई अन्य दुकानों को निशाना बनाया। इससे व्यापारियों की गाढ़ी कमाई पर डाका पड़ा है। चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे थाने से कुछ कदमों की दूरी पर चोरी कर आसानी से फरार हो रहे हैं और पुलिस को भनक तक नहीं लग रही। प्रदेश सरकार के मंत्री का गृह क्षेत्र है। वहां जब थाने के सामने ही व्यापारी और आम जनता सुरक्षित नहीं हैं तो पूरे बस्तर की सुरक्षा भगवान भरोसे है। इन घटनाओं ▶▶|शेष पेज 10 पर






## खबर संक्षेप

### जगदलपुर में संभाग स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन होगा 7 को

**कोण्डागांव।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, जगदलपुर के तत्वावधान में 7 जुलाई को शासकीय लाईवलीहुड कॉलेज, आड़ावाल जगदलपुर में संभाग स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में निजी क्षेत्र के 13 नियोजकों द्वारा लगभग 1,595 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए साक्षात्कार लिया जाएगा। रोजगार मेले में भाग लेने के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों को विभागीय पोर्टल पर लॉगिन कर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। पोर्टल के माध्यम से रिक्त पदों की विस्तृत जानकारी भी प्राप्त की जा सकती है।अभ्यर्थियों को रोजगार मेला स्थल पर जीवित पंजीयन कार्ड, आधार कार्ड, बायोडाटा, अनुभव प्रमाण–पत्र यदि हो, पासपोर्ट साइज फोटो, मोबाइल नंबर तथा शैक्षणिक योग्यता के मूल एवं छायाप्रति दस्तावेजों के साथ निर्धारित समय पर उपस्थित होना होगा। जिला रोजगार विभाग ने इच्छुक युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में रोजगार मेले में भाग लेने की अपील की है। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी अपने निकटतम रोजगार कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

### कोण्डागांव में तेजस स्टार्टअप कार्यशाला 8 जुलाई को

**कोण्डागांव।** जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा 8 जुलाई को ऑडिटोरियम, कोण्डागांव में तेजस स्टार्टअप कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यशाला उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग तथा भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगी। कार्यशाला में स्टार्टअप विशेषज्ञ एवं उद्योग विभाग के अधिकारी नया व्यवसाय शुरू करने की प्रक्रिया, स्टार्टअप पंजीयन, सरकारी योजनाओं के तहत वित्तीय सहायता फंडिंग, व्यवसाय विस्तार और उद्यमिता विकास से जुड़े विषयों पर विस्तार से जानकारी देंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं, विद्यार्थियों, उद्यमियों और स्वरोजगार में रुचि रखने वाले प्रतिभागियों को नवाचार आधारित स्टार्टअप स्थापित करने तथा अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है।कार्यशाला में भाग लेने के लिए पूर्व पंजीयन अनिवार्य रखा गया है। इच्छुक प्रतिभागी विभाग द्वारा जारी गूगल फॉर्म अथवा क्यूआर कोड के माध्यम से निःशुल्क पंजीयन कर इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं।

### प्राकृतिक आपदा पीड़ित के वारिस को 4 लाख की आर्थिक सहायता

**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6–4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा से प्रभावित प्रकरण में आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। माकड़ी तहसील के ग्राम जोंधरा निवासी स्वर्गीय सोमारी मरकाम की सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनके पति जयसिंह मरकाम को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। कलेक्टर कार्यालय ने स्वीकृत सहायता राशि संबंधित हितग्राही के बैंक खाते में हस्तांतरित करने के लिए संबंधित तहसीलदार को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं।

# फरसगांव पहुंचे नेता प्रतिपक्ष महंत, नकटी मामले में राज्य सरकार पर साधा निशाना

**फरसगांव।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत बस्तर प्रवास के दौरान शुक्रवार को राज्यसभा सांसद फूलो देवी नेताम के फरसगांव स्थित निवास पहुंचे। इस अवसर पर फूलो देवी नेताम ने आरती उतारकर एवं पुष्प भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया तथा दोनों नेताओं के बीच क्षेत्रीय और राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा हुई।

मीडिया से बातचीत में चरण दास महंत ने नकटी गांव में ग्रामीणों के मकान तोड़े जाने की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि जो हुआ वह गलत हुआ है और शासन जनप्रतिनिधियों तथा विधायकों को बदनाम करने का प्रयास कर रही है। कुछ जमीन अधिकारियों के लिये, कुछ जमीन विधायकों सांसदों के लिए सुरक्षित थी, बनाने में देरी हो गई। उस बीच वह गांव के गरीबों को आवास का अवसर मिला, आवास बना, पूरे शासन को ये समझ मे आ रहा है की अब इनको तत्काल भगा दें। तत्काल विधायकों के लिए मकान बना दें। विधायको को बदनाम करने की कोशिश हो रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी आगामी विधानसभा सत्र में भाजपा सरकार के ढाई वर्ष के कार्यकाल को लेकर मजबूती से घेराव करेगी और जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से उठाएगी। इस दौरान कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**'जो हुआ गलत हुआ' , सरकार विधायकों को बदनाम कर रही है: चरणदास**



**जहां गरीबों की हाय लगेगी, वहां कांग्रेस विधायक नहीं रहेंगे**

नेता प्रतिपक्ष महंत ने कहा कि कांग्रेस के विधायकों को ये निर्देश दे दिया है कि कोई भी वह नहीं रहेंगे , हम ऐसे जगह नहीं रहेंगे जहां गरीबों की हाय लगे वह हमें नहीं लेनी है। हमें कोई दूसरी जगह भले दे दो वहां नहीं जाएंगे। गरीबों का मकान है, गरीबों की जगह हैं, गरीबों को दे दो। इसी सम्बन्ध में रायपुर के कुछ प्रदर्शन भी हो रहे हैं, जैसा भी सरकार निर्णय करे। सबकी जमीन तो छीन रहे हैं शायद गरीबों की जमीन भी छीनना चाहते हैं। भाजपा की भावना, गरीबों के प्रति, आदिवासी भाइयों के प्रति, अनुसूचित भाइयों के प्रति, उनके घर उनके आवास उनके खेती , उनकी बाड़ी, उनके बच्चे, शिक्षा सब को तहस नहस करने में है।

## जनसेवा, पारदर्शिता और विकास की भावना के साथ कार्य करना जनप्रतिनिधियों का सबसे बड़ा दायित्व

# नगर पंचायत के नव निर्वाचित पार्षदों ने ली पद और गोपनीयता की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

नगर पंचायत में शुक्रवार को नव निर्वाचित पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

एसडीएम और निर्वाचन अधिकारी अश्वन कुमार पूसाम ने महात्मा गांधी वार्ड क्रमांक-01 से निर्वाचित उमेश कुमार सोना तथा वीरांगना रानी दुर्गावती वार्ड क्रमांक-12 से निर्वाचित छबीला नेताम को पार्षद पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।




समारोह को संबोधित करते हुए विधायक टेकाम ने नव निर्वाचित पार्षदों को बधाई देते हुए कहा कि जनसेवा, पारदर्शिता और विकास की भावना के साथ कार्य करना ही जनप्रतिनिधियों का सबसे बड़ा दायित्व है। उन्होंने कहा कि जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए सभी को मिलकर नगर के समग्र विकास के लिए काम करना चाहिए। विधायक ने फरसगांव में साप्ताहिक बाजार के दौरान मुख्य मार्ग पर लगने वाले जाम की समस्या का उल्लेख करते हुए इसके स्थायी समाधान के लिए बायपास सड़क निर्माण की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि बेहतर यातायात व्यवस्था के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने नगर पंचायत अध्यक्ष एवं पार्षदों से सभी वार्डों में बिजली, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं की प्रभावी उपलब्धता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। साथ ही जनहित से जुड़े किसी भी कार्य या समस्या को उनके संज्ञान में लाने का आग्रह करते हुए कहा कि वे जनता के हित में सदैव तत्पर रहेंगे।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्र, उपाध्यक्ष मूलचंद पांडे, जनपद पंचायत अध्यक्ष मानकु नेताम, पार्षद विजय लांगड़े, शैल सेठिया, राजकुमारी नेताम, सुमन जायसवाल, संगीता राव, रीता गौतम, जनक नेताम, नरेंद्र गौर, विनोद पांडे, मन्नू हिडको, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष गणेश दुग्गा, गणेश जायसवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष धनराज पांडे, नगर पंचायत सीएमओ मयंक बसंतवानी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# 6.30 लाख की कथित ठगी मामले में एफआईआर कराने के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

राज्य महिला आयोग की जनसुनवाई में आर्थिक ठगी के एक मामले में आयोग ने सख्त रुख अपनाते हुए पुलिस को तत्काल एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए।

आवेदिका ने आयोग को बताया कि तीन व्यक्तियों ने मित्रता का लाभ उठाकर अलग–अलग समय पर फोनपे और नकद के माध्यम से कुल 6.30 लाख रुपये ले लिए। पैसे लौटाने के बजाय आरोपी टालमटोल करते रहे। सुनवाई के दौरान आवेदिका ने आयोग को बताया कि उसके पास लेन–देन के रिकॉर्ड, फोनपे ट्रांजेक्शन और बातचीत के प्रमाण उपलब्ध हैं।

- डीएसपी को दी जिम्मेदारी, धोखाधड़ी के आरोपियों पर होगी कानूनी कार्रवाई

**डीएसपी को दिए गए विशेष निर्देश** – महिला आयोग ने कोंडागांव के डीएसपी को निर्देशित किया कि वे पीड़िता की सहायता करते हुए थाना कोतवाली में आरोपियों के विरुद्ध धोखाधड़ी सहित अन्य उपयुक्त धाराओं में तत्काल एफआईआर दर्ज कराएं।

**सुलह की गुंजाइश भी रखी गई** – सुनवाई के दौरान एक आरोपी ने आयोग के समक्ष चार किश्तों में चेक के माध्यम से पूरी राशि लौटाने की इच्छा जताई। आयोग ने कहा कि मामला अब डीएसपी के पास है। डीएसपी दोनों पक्षों को बुलाकर कानून के अनुरूप कार्रवाई अथवा वैधानिक समझौते की प्रक्रिया आगे बढ़ा सकते हैं।

# शिक्षा विभाग के 27 कर्मचारियों की मूल पदस्थापना में हुई वापसी

**सुकमा।** जिले में शिक्षा विभाग ने बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए लंबे समय से विभिन्न कार्यालयों एवं अन्य संस्थानों में संलग्न 27 कर्मचारियों और शिक्षकों को उनके मूल पदस्थापना स्थल पर वापस भेजने का आदेश जारी किया है। कलेक्टर कार्यालय से जारी आदेश के बाद शिक्षा महकमे में हलचल तेज हो गई है। वहीं इस निर्णय से कई स्कूलों, छात्रावासों और कार्यालयों की कार्य व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका भी जताई जा रही है।

जारी आदेश के अनुसार स्कूल शिक्षा विभाग के मंत्री ने 25 जून को आयोजित समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों के पालन में जिला शिक्षा कार्यालय सुकमा में वर्षों से संलग्न कर्मचारियों एवं शिक्षकों की संलग्नीकरण व्यवस्था समाप्त कर उन्हें मूल संस्थानों में कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं। आदेश को तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है।

### 27 कर्मचारियों की हुई घर वापसी

सूची में प्रधानपाठक, शिक्षक (एल.बी.), सहायक ग्रेड-2, व्यायाम शिक्षक, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सहित कुल 27 कर्मचारी शामिल हैं, जो अब अपने मूल विद्यालयों और संस्थानों में लौटेंगे।

### कार्यालयीन कार्य पर पड़ेगा असर


इस निर्णय के बाद शिक्षा विभाग के भीतर कई तरह की चचाएं शुरू हो गई हैं। विभागीय जानकारों का मानना है कि जिला शिक्षा कार्यालय, विकासखंड शिक्षा कार्यालय तथा कुछ छात्रावासों में वर्षों से यही कर्मचारी प्रशासनिक और कार्यालयीन कार्यों की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। उनके एक साथ वापस जाने से कार्यालयीन कार्यों के संचालन, दस्तावेजों के निस्तारण, योजनाओं की मॉनिटरिंग तथा समन्वय व्यवस्था पर तत्काल असर पड़ सकता है।

# सीईओ जिला पंचायत ने ग्रामीण विकास कार्यों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई ने जनपद पंचायत कोण्डागांव, माकड़ी एवं फरसगांव के विभिन्न ग्राम पंचायतों का दौरा कर वीबी–जी राम जी अभियान के अंतर्गत संचालित तालाब गहरीकरण, पीडीएस भवन एवं पंचायत भवन निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।

- वीबी–जी राम जी अभियान में चले रहे कामों की देखी प्रगति



निरीक्षण के दौरान सीईओ ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत निर्माणाधीन आवासों का जायजा लेते हुए अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ समय–सीमा में निर्माण पूरा कराने तथा पात्र हितग्राहियों को शीघ्र लाभ दिलाने के निर्देश दिए। श्री भोई ने जनपद पंचायत फरसगांव कार्यालय का भी औचक निरीक्षण किया। यहां उन्होंने वीबी–जी राम जी अभियान के अंतर्गत मस्टर रोल जनरेशन की प्रक्रिया का अवलोकन कर डिजिटल प्रणाली के प्रभावी संचालन एवं योजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन पर जोर दिया।

### गुणवत्ता और पारदर्शिता बनाए बनाए रखें:

सीईओ ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि विकास कार्य स्वीकृत प्राक्कलन एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप पूरे किए जाएं। ग्रामीण विकास योजनाओं का लाभ पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुंचाया जाए।

# उपसंभागीय निरीक्षक डाक मिश्रा को भावभीनी विदाई

**कोण्डागांव।** उपसंभागीय निरीक्षक डाक आर.एस. मिश्रा के जमनीपाली कोरबा स्थानांतरण पर स्थानीय उपडाकघर में विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ, स्मृति–चिन्ह एवं उपहार भेंट कर उनका सम्मान किया।

समारोह में कर्मचारियों ने कहा कि श्री मिश्रा ने अपने तीन वर्ष के कार्यकाल में डाक जीवन बीमा, मृत्यु दावा, विभागीय लक्ष्य, भर्ती प्रक्रिया एवं स्थानांतरण जैसे कार्यों का सरल एवं प्रभावी ढंग से संचालन किया। उनके नेतृत्व में विभाग ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कीं। वक्ताओं ने श्री मिश्रा की कार्यकुशलता, सकारात्मक सोच और सहयोगपूर्ण व्यवहार की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने कर्मचारियों के बीच समन्वय और टीम भावना को मजबूत किया तथा विभागीय कार्यों को नई गति प्रदान की।



**कर्मचारियों के स्नेह के लिए जताया आभार** – अपने संबोधन में आर.एस. मिश्रा ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग, स्नेह और सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कोंडागांव में बिताया गया समय उनके लिए हमेशा यादगार रहेगा। समारोह में कर्मचारियों ने उनके नए कार्यस्थल के लिए शुभकामनाएं दीं।

# जिस स्कूल में पढ़कर कर नौकरी की वहीं पर हुआ पूर्व सैनिक अर्जुन का स्वागत

**केशकाल।** भारतीय थल सेना की सिग्नल कोर में 17 वर्षों तक सेवा देने वाले वीर जवान अर्जुन सिंह का अपने गृह ब्यालपुर में डीजे के साथ थिरकते हुए भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने प्राथमिक शिक्षा ग्रहण की थी वहीं पर उनका सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर ग्राम के सुखराम नेताम जो भारतीय सेना के एसएफ में सेवाएं दे चुके हैं, उन्होंने बताया की हमारे समय में जब हमारी नौकरी समाप्त होती थी तो ऐसा सम्मान समारोह नहीं होता था, क्योंकि नक्सली के निशाने में हम रहते थे। हमने विषम परिस्थितियों में नौकरी की है। ग्राम की सरपंच कृति सिन्हा ने कहा कि हमारे जवान अर्जुन सिंह से लोगों को प्रेरणा लेनी चाहिए। इन्होंने जो हमारे ग्राम का नाम रौशन किया है उसके लिये धन्यवाद ज्ञापित करती हूँ। इस अवसर पर जवान अर्जुन सिंह ने अपने सेवा कार्य के बारे में बताते हुए कहा की जब हम नौकरी से जुड़े, तब हमने सेवा कर रहे लोगों को बताया की हम बस्तर से है तो वे बहुत डरे और हमारी विशेष खातिरदारी करते थे। बस्तर की बात ही अलग है उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा की यह डर भी अच्छा लगा। जिस स्कूल से पढ़कर मैंने नौकरी की वहां मेरा सम्मान समारोह हुआ उसके लिए सरपंच कृति सिन्हा , राजू सिन्हा एवं ग्रामवासियों का आभार व्यक्त करता हूं। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन उमेन्द्र कुमार ने किया..। इस अवसर पर उपसरपंच,ग्राम के सचिव लोकेश्वरी सिन्हा , राजू सिन्हा, ग्राम के उपसरपंच, कुंजामसर एवं शाला प्रबंधन समिति उपस्थित रहे..।



# शिक्षा जगत के तीन अनुभवी प्रधान अध्यापकों को समारोह में दी विदाई

**फरसगांव।** विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय अंतर्गत कार्यरत प्रधान अध्यापक अब्दुल लतीफ मेमन, जग्गुराम मरकाम एवं दशरथ राम नेताम के 30 जून को सेवानिवृत्त होने पर गुरुवार को सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह में अनुविभागीय अधिकारी अश्वन कुमार पुसाम ने तीनों सेवानिवृत्त शिक्षकों को श्रीफल, शॉल एवं पेंशन अधिकार पत्र भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों के दीर्घकालीन योगदान की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उनकी निष्ठापूर्ण सेवाएं आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेंगी। कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीराम तारम तथा लेखापाल अंतू राम नेताम भी उपस्थित रहे। उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त शिक्षकों के स्वस्थ, सुखद एवं सम्मानपूर्ण जीवन की कामना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।



## मेधावी छात्रों को नकद प्रोत्साहन राशि देकर किया सम्मानित

# क्षमतापुर में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव में विद्यार्थियों का स्वागत

**कोण्डागांव।** नए शैक्षणिक सत्र 2026–27 के शुभारंभ अवसर पर जिले के संकुल क्षमतापुर अंतर्गत ग्राम नेवरा में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का आत्मीय स्वागत किया गया। शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्र-छात्राओं को नियमित अध्ययन और उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया गया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद उपाध्यक्ष बैसाखू राम कोर्राम रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षमतापुर के सरपंच सुशेन बघेल, संकुल प्राचार्य श्रीमती पारिका यादव, संकुल समन्वयक प्रकाश सोम, संकुल के सभी शिक्षक–शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में ग्राम नेवरा के ग्रामीण और अभिभावक उपस्थित रहे। शाला प्रवेश उत्सव के दौरान वर्ष 2025–26 की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को नकद प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। कक्षा 8वीं में प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले नितेश कुमार पोयाम को ग्रामवासियों की ओर से 1,100 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। कक्षा 10वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली समीक्षा बघेल को 2,500 रुपए की प्रोत्साहन राशि दी गई। कक्षा 12वीं में प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाले मनीष मरकाम को 5,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि मंडी अध्यक्ष क्षमतापुर जयराम मरकाम द्वारा प्रदान की गई। सम्मान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का उपस्थित जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों और ग्रामीणों ने तालियों से अभिनंदन किया।

**शिक्षा ही सफलता का सबसे मजबूत आधार : प्राचार्य** – संकुल प्राचार्य श्रीमती पारिका यादव ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों से नियमित अध्ययन, अनुशासन और परिश्रम को जीवन का मूल मंत्र बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जो बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने और अपने सपनों को साकार करने की शक्ति प्रदान करती है। उन्होंने अभिभावकों से भी बच्चों की शिक्षा में सक्रिय सहयोग देने की अपील की।

**ग्रामीणों की पहल बनी प्रेरणा** – कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करने के लिए ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने स्वयं आगे बढ़कर प्रोत्साहन राशि प्रदान की। इस पहल की सभी ने सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सम्मान से विद्यार्थियों में बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलती है और शिक्षा के प्रति सकारात्मक माहौल तैयार होता है।

**शिक्षा के प्रति जागरूकता का दिया संदेश** – कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। अधिक से अधिक बच्चों का स्कूलों में प्रवेश सुनिश्चित कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने का संकल्प दोहराया। पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्साहपूर्ण वातावरण बना रहा और शिक्षा के प्रति जागरूकता का सकारात्मक संदेश ग्रामीणों तक पहुंचा।

# सेन समाज के रोहित जिलाध्यक्ष घनश्याम उपाध्यक्ष, हेमंत सचिव



**कोण्डागांव।** सेन समाज के जिलाध्यक्ष एवं जिला कार्यकारिणी का चुनाव लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत शांतिपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश, संभाग और जिला स्तर के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। बैठक में समाज की एकता, संगठन को मजबूत बनाने तथा सामाजिक विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार–विमर्श किया गया। सभी पदाधिकारियों ने समाजहित में मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। निर्वाचन प्रक्रिया के बाद रोहित सेन केशकाल को जिला अध्यक्ष चुना गया। वहीं घनश्याम सेन उपाध्यक्ष, हेमंत हेमेंद्र भारद्वाज सचिव, दीनू सेन कोषाध्यक्ष तथा रोशन सेन को मीडिया प्रभारी निर्वाचित हुए। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में सेन समाज संगठनात्मक मजबूती, सामाजिक समरसता और विकास की दिशा में नई उपलब्धियां हासिल करेगा।

## पेज 9 के शेष

### बड़े अलनार स्कूल में...

होगी। अधिकारियों ने कहा कि फिलहाल बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो इसलिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। स्थाई शिक्षक की नियुक्ति के लिए शासन स्तर पर प्रक्रिया होंगी।

**शिक्षा विभाग की टीम ने बच्चों के साथ मध्यान्ह भोजन** : शिक्षा विभाग की टीम ने बच्चों के साथ बैठकर मध्यान्ह भोजन किया। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि एक महीने के अंदर शासन स्तर पर प्रयास कर शिक्षक की व्यवस्था करवाई जाएगी।

### थाने से 50 मीटर...

से स्थानीय व्यापारियों में असुरक्षा का माहौल है। चंदन कश्यप ने पुलिस और प्रशासन की लापरवाही उजागर करते हुए कहा कि भानपुरी चौक जैसे मुख्य और संवेदनशील चौराहे पर सुरक्षा के लिहाज से लगाए गए सीसीटीवी कैमरे पिछले कई महीनों से बंद और खराब पड़े हैं। उन्होंने कहा कि अगर प्रशासन सजग रहता और भानपुरी चौक के कैमरे चालू हालत में होते तो सोने की दुकान और अन्य जगहों पर चोरी करने वाले चोरों का कोई सुराग जरूर मिल जाता और अपराधी अब तक सलाखों के पीछे होते। कैमरों का महीनों तक खराब रहना बताता है कि क्षेत्र की सुरक्षा को लेकर जिम्मेदार लोग कितने लापरवाह हैं।

**मांग और चेतावनी** : पूर्व विधायक ने पुलिस के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि भानपुरी चौक के सभी खराब कैमरों को तत्काल दुरुस्त किया जाए। बाजारों में रात्रि गश्त में कड़ाई की जाए। सोने की दुकान समेत सभी छह चोरियों के मामलों का जल्द पदार्फाश कर चोरों को गिरफ्तार किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द क्षेत्र के व्यापारियों को सुरक्षा नहीं मिली और चोर नहीं पकड़े गए तो स्थानीय नागरिकों और व्यापारी संघ के साथ मिलकर आंदोलन करेंगे।

## खबर संक्षेप

### अब मिलेगी 300 रुपए प्रतिदिन मजदूरी



**सुकमा।** ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आजीविका को नई मजबूती देने की दिशा में सुकमा जिले में विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) ग्राम योजना का शुभारंभ किया गया। जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों, स्व-सहायता समूहों की महिलाओं एवं प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में योजना की शुरुआत हुई। इस योजना के तहत पात्र ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों का रोजगार तथा 300 रुपये प्रतिदिन की मजदूरी उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष मंगम्मा सोयम ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष महेश कुमार कुंजाम, जिला पंचायत सदस्य कोरसा सन्नू, जनप्रतिनिधि धनीराम बारसे सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं पंचायत पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने योजना को ग्रामीण परिवारों की आर्थिक मजबूती, सामाजिक सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताते हुए इसके प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया।

### शाला प्रबंधन समिति के सदस्य पालक व शिक्षकों की बैठक



**दरभा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिंदबहार विकासखण्ड दरभा में शाला प्रबंधन समिति एवं पालक एवं शिक्षकों का बैठक किया गया। जिसमें सर्व प्रथम संस्था के प्राचार्य दीपक कुमार घोष द्वारा शाला प्रबंधन समिति एवं पालकों के समक्ष शाला की प्रमुख बातों को रखा गया। जैसे अभी तक नव प्रवेशी छात्र छात्राओं के शत प्रतिशत दाखिला लेने नहीं पहुंचने, साप्ताहिक मासिक, त्रैमासिक, अर्धवार्षिक वार्षिक परीक्षा होने,कुछ बच्चे प्रवेश तो लेते हैं लेकिन बीच में पढ़ाई छोड़ देते हैं, घर पर बच्चों को न रोकने, जिनका जाति,निवास, जन्म प्रमाण पत्र आदि नहीं बना हो तो जल्दी बनवाने तथा अन्य प्रमुख बिन्दुओं को रखा गया।

# गोंडी-हल्बी में होगा योजनाओं का प्रचार, मंत्री के दौरे का दिखा असर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सुकमा





आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति और स्थानीय आवश्यकताओं का अवलोकन करने के बाद मंत्री राजवाड़े ने बस्तर संभाग में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका और पर्यवेक्षक के रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती

■ आंगनबाड़ी के रिक्त पद भरने और सुविधाएं मजबूत करने पर जोर

प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिए। हाल ही में सुकमा और बीजापुर जिले के प्रवास के दौरान जमीनी स्तर पर मिली जानकारियों और अनुभवों के बाद महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने मंत्रालय महानदी भवन में विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों को कई निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बस्तर जैसे दूरस्थ आदिवासी क्षेत्रों में योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए स्थानीय भाषा में संवाद सबसे प्रभावी माध्यम है। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बस्तर संभाग में महिला एवं बाल विकास विभाग की सभी प्रमुख योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार गोंडी और हल्बी भाषा में किया जाए, ताकि दूरस्थ गांवों में रहने वाले पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं की सही और पूरी जानकारी पहुंच सके।

सुकमा और बीजापुर प्रवास के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति और स्थानीय आवश्यकताओं का अवलोकन करने के बाद मंत्री राजवाड़े ने बस्तर संभाग में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका और पर्यवेक्षक के रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिए। साथ ही दूरस्थ क्षेत्रों के आंगनबाड़ी केंद्रों में भवन, पेयजल, स्वच्छता, पोषण एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया।

समीक्षा बैठक में मंत्री ने कहा कि योजनाओं का लाभ केवल कागजों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक समयबद्ध तरीके से पहुंचे। इसके लिए सभी जिलों में नियमित मॉनिटरिंग, निरीक्षण और प्रभावी फॉलोअप सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्य करने की अपेक्षा भी जताई।

### कुपोषण मुक्त छग, सरकार की प्राथमिकता

मंत्री ने पोषण पुनर्वास केंद्रों में भर्ती बच्चों और उनकी माताओं को बेहतर उपचार, पौष्टिक आहार और गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुए कहा कि कुपोषण मुक्त छत्तीसगढ़ राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में समाज कल्याण विभाग की योजनाओं की भी विस्तृत समीक्षा की गई।

### सियान गुड़ी पर ध्यान देने पर जोर

मंत्री ने बस्तर संभाग में दिव्यांगजनों को सहायक उपकरणों का समयबद्ध वितरण, नियमित शिविरों के आयोजन तथा पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा सियान गुड़ी (डे-केयर सेंटर) और वृद्धाश्रमों में वरिष्ठ नागरिकों के लिए बेहतर आवास, पौष्टिक भोजन, स्वास्थ्य सुविधाएं और सम्मानजनक वातावरण उपलब्ध कराने पर भी विशेष जोर दिया।

### विकास और विश्वास का नया वातावरण बना

लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि सुकमा और बीजापुर सहित बस्तर संभाग के हालिया प्रवास के दौरान यह स्पष्ट महसूस हुआ कि क्षेत्र में विकास और विश्वास का नया वातावरण बना है। ऐसे में विभाग की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है कि शासन की हर जनकल्याणकारी योजना तेज गति से अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और उसका लाभ धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे।

## डिजिटल शिक्षा की अभिनव पहल का शुभारंभ

# नवप्रवेशी बच्चों का आत्मीय स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भानपुरी





विकासखंड बस्तर में खंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानपुरी के विद्यालय परिसर में हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि वन मंत्री केदार कश्यप रहे। कार्यक्रम में सांसद महेश कश्यप, जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, जनपद पंचायत अध्यक्ष संतोष बघेल सहित अनेक जनप्रतिनिधि, शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं, पालकगण तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

■ मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान, नवीन विद्यालय भवन का लोकार्पण

शाला प्रवेशोत्सव के अवसर पर विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। रंग-बिरंगी रंगोली, स्वागत द्वार, प्रेरणादायी संदेश, गुब्बारों एवं पुष्प सज्जा से पूरे परिसर को उत्सवमय स्वरूप दिया गया था। कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशी बच्चों का पारंपरिक भारतीय संस्कृति के अनुरूप तिलक लगाकर, आरती उतारकर एवं मुंह मीठा कराते हुए आत्मीय स्वागत किया गया।

बच्चों को पुष्प भेंट कर विद्यालय परिवार में उनका अभिनंदन किया गया। अतिथियों ने बच्चों को स्कूल बैग, पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश प्रदान किए तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस आत्मीय स्वागत से बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे तथा उनके मन में विद्यालय के प्रति अपनापन और उत्साह का भाव स्पष्ट दिखाई दिया। बड़ी संख्या में उपस्थित पालकों ने भी इस अभिनव पहल की सराहना करते हुए बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने का संकल्प व्यक्त किया। पूरे कार्यक्रम का वातावरण शिक्षा, संस्कार और आनंद के महापर्व में परिवर्तित हो गया।

कार्यक्रम में कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं की ग्रामीण मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विकासखंड बस्तर के मेधावी छात्र-छात्राओं को मोमेंटो एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर परिश्रम, अनुशासन एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया तथा उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रदान कीं। विकासखंड बस्तर की प्राथमिक शालाओं में स्मार्ट टीवी के माध्यम से डिजिटल शिक्षण की अभिनव पहल का शुभारंभ वनमंत्री एवं सांसद ने किया। इस अवसर पर जानकारी दी गई कि शिक्षकों ने अपने स्वयं के प्रयासों से विद्यालयों के लिए स्मार्ट टीवी क्रय कर आधुनिक तकनीक आधारित शिक्षण की दिशा में उल्लेखनीय पहल की है। इस नवाचार की उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने मुक्तकंठ से सराहना करते हुए इसे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत बनियागांव में 112.80 लाख रुपये की लागत से निर्मित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन का लोकार्पण अतिथियों द्वारा ने। इस नवीन भवन के निर्माण से क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण, आधुनिक सुविधाएं एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध होंगे।

अपने उद्बोधन में केदार कश्यप ने कहा कि आज के समय में शिक्षा के साथ तकनीक का समुचित उपयोग अत्यंत आवश्यक है। विद्यार्थियों को डिजिटल माध्यमों का अधिक से अधिक उपयोग कर अध्ययन करना चाहिए, ताकि वे उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर अपने माता-पिता, विद्यालय, क्षेत्र और प्रदेश का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने शिक्षकों से भी आधुनिक तकनीक आधारित शिक्षण पद्धतियों को अपनाकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

### सांसद का संदेश

अपने संबोधन में सांसद महेश कश्यप ने कहा कि बस्तर के बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। आवश्यकता केवल उनकी प्रतिभा को पहचानने, निखारने और सही दिशा देने की है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण एवं दूरस्थ अंचलों के विद्यार्थियों में अपार क्षमता और असीम संभावनाएं विद्यमान हैं। यदि उन्हें उचित मार्गदर्शन, प्रोत्साहन एवं अवसर मिले तो वे प्रदेश और देश स्तर पर अपनी अलग पहचान बना सकते हैं। उन्होंने सभी शिक्षकों से आग्रह किया कि वे प्रत्येक बच्चे की रुचि, क्षमता एवं विशेष प्रतिभा को पहचानकर उसे विकसित करने का कार्य करें।

# मांझीगुड़ा पहुंचे मंत्री, कृषि यंत्र बैंक का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बीजापुर

कृषि, किसान कल्याण मंत्री रामविचार नेताम ने बीजापुर जिले के मांझीगुड़ा गांव का दौरा कर किसान योगेश बागड़े से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार की फार्म मशीनरी बैंक स्थापना योजना के तहत संचालित कृषि यंत्र बैंक का निरीक्षण किया और किसानों को मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कृषि यंत्रों की उपलब्धता, उनके उपयोग तथा योजना से किसानों को हो रहे लाभ की समीक्षा करते हुए कहा कि कृषि यंत्र बैंक योजना छोटे एवं सीमांत किसानों के लिए बेहद उपयोगी साबित हो रही है। इससे किसानों को आधुनिक कृषि उपकरण सुलभ हो रहे हैं, खेती की लागत में कमी आ रही है और उत्पादन क्षमता में वृद्धि हो रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए अधिक से अधिक किसानों को इसका लाभ दिलाया जाए। साथ ही कृषि यंत्र बैंक योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कर किसानों को आधुनिक तकनीक आधारित खेती के लिए प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। किसानों से संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन किसानों की आय बढ़ाने और खेती को अधिक लाभकारी बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है तथा किसान हितैषी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र किसान तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। इस दौरान जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे।

■ किसानों से संवाद कर आधुनिक कृषि उपकरणों के अधिकतम उपयोग पर दिया जोर

### 108 में सुरक्षित प्रसव, ईएमटी और पायलट ने दिखाई सूझबूझ



**दंतेवाड़ा।** जिले के ग्राम कारली में 108 एंबुलेंस सेवा की तत्परता और कर्मचारियों की सूझबूझ से एक गर्भवती महिला का सुरक्षित प्रसव एंबुलेंस में ही कराया गया। समय पर मिली इस सेवा से जच्चा और नवजात दोनों पूरी तरह सुरक्षित हैं। ग्राम कारली निवासी 25 वर्षीय चंपा नेताम, पति दिलीप नेताम, को अचानक प्रसव पीड़ा शुरू होने पर परिजनों ने 108 एंबुलेंस सेवा को सूचना दी। सूचना मिलते ही एंबुलेंस मौके पर पहुंची और महिला को अस्पताल ले जाया जाने लगा। लेकिन रास्ते में प्रसव पीड़ा अत्यधिक बढ़ जाने के कारण अस्पताल तक पहुंचाना संभव नहीं हो सका। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एंबुलेंस में मौजूद ईएमटी रविन्द्र और पायलट सुनील पाटीदार ने धैर्य और सूझबूझ का परिचय देते हुए एंबुलेंस में ही सुरक्षित प्रसव कराया। प्रसव के बाद मां और नवजात को आवश्यक प्राथमिक उपचार दिया गया। इसके बाद जच्चा और नवजात शिशु को कारली उप स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों की जांच कर उन्हें पूरी तरह स्वस्थ और सामान्य बताया।

# गरीबों के आशियाने पर चला बुलडोजर, कांग्रेस का फूटा गुस्सा



हरिभूमि न्यूज ▸▸| दंतेवाड़ा

रायपुर के माना स्थित ग्राम नकटी में प्रस्तावित विधायक कॉलोनी के लिए 80 से अधिक गरीब परिवारों के घरों, जिनमें प्रधानमंत्री आवास योजना के मकान भी शामिल हैं, को तोड़े जाने के विरोध में शुक्रवार को दंतेवाड़ा जिला कांग्रेस कमेटी ने मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष शकील मोहम्मद रिज़वी के नेतृत्व में बड़ी

■ बारिश में मुख्यमंत्री का पुतला फूंककर किया विरोध प्रदर्शन

संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता स्थानीय राजीव भवन से एकत्र हुए। कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और मुख्यमंत्री का पुतला फूंककर अपना विरोध दर्ज कराया।

प्रदर्शन के दौरान बारिश भी कार्यकर्ताओं का हौसला नहीं तोड़ सकी। भारी बारिश के बीच भी कांग्रेस कार्यकर्ता डटे रहे। इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच धक्का-मुक्की भी हुई, लेकिन कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन जारी रखा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष शकील मोहम्मद रिज़वी ने कहा कि भाजपा सरकार गरीबों की आवाज दबाने का काम कर रही है। विधायक कॉलोनी बनाने के नाम पर गरीबों के आशियाने उजाड़े जा रहे हैं, जिसे कांग्रेस पार्टी कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। कांग्रेस प्रभावित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है और उन्हें न्याय दिलाने के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी। जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा ने कहा कि बारिश के मौसम में गरीब परिवारों के घर तोड़कर उन्हें बेघर करना पूरी तरह अमानवीय है। गरीबों के सिर से छत छीनना किसी भी हाल में स्वीकार नहीं किया जा सकता। ब्लॉक अध्यक्ष सुमित्रा सौरी ने कहा रायपुर के माना स्थित ग्राम नकटी में गरीब परिवारों के घरों पर बुलडोजर चलाकर उन्हें बारिश के मौसम में बेघर करना भाजपा सरकार की गरीब विरोधी सोच को दिखाता है। जिस समय सरकार को लोगों के सिर पर छत देने की चिंता करनी चाहिए, उस समय उनके घर उजाड़े जा रहे हैं। यह बेहद दुखद और निंदनीय है। इस दौरान पूर्व विधायक देवती महेंद्र कर्मा, कांग्रेस उपाध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, महामंत्री मनीष भट्टाचार्य, महामंत्री विमल सलाम, महामंत्री प्रवीण राणा, ब्लॉक अध्यक्ष गीदम अनील कर्मा, कुम्मा राम वेक, बीजू कश्यप, कांग्रेस सचिव रजत दहिया, सचिव जीतेन्द्र कश्यप, उपाध्यक्ष सुनील गोलछा, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ आशिफ राजा, युवा कांग्रेस अध्यक्ष गणेश दुर्गा, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष उमेश कश्यप, महासचिव गौरव गुप्ता, नगर अध्यक्ष गायेंद्र सिंह, शैलेंद्र यादव, देवेंद्र निषाद, उमेश राणा, माहुरु, भगत नेताम, अभिषेक, एनएसयूआई अध्यक्ष वेदांत पांडे व बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गैर राजनीतिक प्रवास में नेता प्रतिपक्ष ने देवी दर्शन और समाज प्रमुखों से की गुफ्तगु

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत का तीन दिवसीय बस्तर प्रवास आस्था, संस्कृति, सामाजिक समरसता एवं कांग्रेस परिवार के साथ आत्मीय संवाद का उदाहरण बनकर उभरा। प्रवास के दौरान उन्होंने धार्मिक स्थलों में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की तथा वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं, कार्यकतार्ओं एवं समाज के विभिन्न वर्गों से आत्मीय मुलाकात कर उनका हाल जाना। बताया गया कि यह प्रवास गैर-राजनीतिक रहा और डॉ. महंत ने इसे बस्तर की सांस्कृतिक विरासत एवं जनसंपर्क को समर्पित रखा।

चारामा, कांकेर एवं केशकाल में कांग्रेसजनों ने डॉ. महंत का गर्मजोशी से स्वागत किया। रात्रि में जगदलपुर पहुंचने पर कार्यकतार्ओं ने उत्साहपूर्ण वातावरण में उनका अभिनंदन किया। इसके उपरांत उन्होंने छत्तीसगढ़ विधानसभा के उपनेता प्रतिपक्ष लखेश्वर बघेल के शासकीय निवास पहुंचकर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। सर्किट हाउस पहुंचने पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता शंकर राव के नेतृत्व में जुटे कार्यकतार्ओं ने ढोल-नगाड़ों, आतिशबाजी और पुष्पवर्षा के साथ आत्मीय स्वागत किया।

दूसरे दिन डॉ. महंत प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के साथ दंतेवाड़ा पहुंचे। जहां उन्होंने आराध्य देवी मां दंतेश्वरी के चरणों में शीश नवाकर पूजा-अर्चना की। उन्होंने प्रदेशवासियों की खुशहाली, शांति और समृद्धि की कामना करते हुए बस्तर सहित पूरे छत्तीसगढ़ के उज्ज्वल भविष्य की प्रार्थना की। इसके पश्चात वे बीजापुर जिले के भैरमगढ़ पहुंचे। जिले में प्रवेश करते ही विधायक विक्रम मंडावी एवं उनके समर्थकों ने पारंपरिक स्वागत किया। जगदलपुर लौटने के बाद उन्होंने वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के निवास पहुंचकर उनसे मुलाकात की। वहीं सर्किट हाउस में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने उनसे भेंट कर संगठनात्मक विषयों सहित विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की।

### पनका समाज ने अजजा का दर्जा मांगा

प्रवास के अंतिम दिन डॉ. महंत ने बस्तर की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक पहचान काछन गुड़ी पहुंचकर पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर पनका समाज के प्रतिनिधियों ने उनसे भेंट कर समाज से जुड़ी मांगों एवं समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने अनुसूचित जनजाति वर्ग में पनका जाति को शामिल करने की वर्षों पुरानी मांग की ओर ध्यान दिलाया। डॉ. महंत ने उनकी बातों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। काछन गुड़ी बस्तर की विश्वविख्यात दशहरा परंपरा का प्रारंभिक एवं अत्यंत महत्वपूर्ण धार्मिक केंद्र है।

# पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मद्देड



आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित मद्देड के तत्वावधान में शुक्रवार को पौधरोपण एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम सहकारिता सप्ताह की गतिविधियों के अंतर्गत आयोजित हुआ, जिसमें समिति के पदाधिकारी, कर्मचारी एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ हुई। सहकारी समिति ने सभी उपस्थित लोगों को पौधों का वितरण किया तथा समिति परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपकर उनके संरक्षण और नियमित देखभाल का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के दौरान जन प्रतिनिधि बीरा महेश, श्याम बाबू चित्तापुरी ने कहा कि आज बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के दौर में प्रत्येक नागरिक का यह दायित्व है कि वह कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसे पेड़ बनने तक संरक्षित रखे।

वृक्ष केवल पर्यावरण की रक्षा ही नहीं करते, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा, पर्याप्त वर्षा, जल संरक्षण और स्वस्थ जीवन का आधार भी हैं। सहकारिता विभाग द्वारा आयोजित इस अभियान में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। उपस्थित ग्रामीणों से अपील की गई कि वे अपने घरों, गांव और सार्वजनिक स्थलों की नियमित सफाई रखें तथा अधिक से अधिक पौधरोपण कर हरित वातावरण के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कहा कि सहकारिता केवल आर्थिक विकास का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने का भी सशक्त मंच है। इसी भावना के साथ पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और जनजागरूकता के ऐसे कार्यक्रम आगे भी निरंतर आयोजित किए जाएंगे।

कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने एक पेड़-एक जीवन का संकल्प लेते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में उपस्थित बीजेपी मण्डल उपाध्यक्ष चिकूड गणपत एवं सुंकर राघवंमा, वासम शंकर, पी नारायण, बट्टल वेंकटेश, किसान समिति प्रबंधक जी प्रसाद आपरेटर अशोक पेरे सहित पत्रकार संघ जिला उपाध्यक्ष दीपक मरकाम, मुक्ति नाथ सिंह ठाकुर उपस्थित रहे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
हड्डी, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन / क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

### शपथ पत्र

मैं अवनी सिंह उम्र 21 वर्ष पिता हरेन्द्र कुमार सिंह, निवासी 39/घ पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड 19, आजाद चौक के पास, जगदलपुर, जिला बस्तर छत्तीसगढ़ 494001 आधार नंबर 7985 4316 0553 शपथ पूर्वक निम्न कथन व्यक्त करती हूँ।

1. यह कि आधार कार्ड में मेरा नाम Avani Singh अंकित है आधार नंबर 7985 4316 0553 है।
2. यह कि मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम Awani Singh अंकित है।
3. यह कि मेरा पुराना नाम Avani Singh जिसे बदलकर नया नाम Awani Singh करवाना चाहती हूँ।
4. यह कि मेरे पुराने नाम से किसी भी न्यायालय में कोई प्रकरण लंबित नहीं है और किसी भी बैंक में ऋण की राशि शेष नहीं है।
5. यह कि मेरा नाम बदलकर यदि कोई गैर कानूनी काम करती हूँ तो उसके लिए मैं पूर्णतः जिम्मेदार रहूंगी।
6. यह कि मेरा नाम परिवर्तन का यह शपथ पत्र सह घोषणा पत्र अपने समस्त दस्तावेजों 5वीं, 8वीं, 10वीं, 12 एवं ग्रेजुएशन के अंकसूची तथा जन्म प्रमाण पत्र, पेन कार्ड, में नाम परिवर्तन करने हेतु यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।
7. यह कि उक्त शपथ पत्र अपने पूरे होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रही हूँ तथा सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रही हूँ।

शपथकर्ता

## खबर संक्षेप

### आईटीआई नगरनार में प्रवेश शुरू

**जगदलपुर।** नगरनार स्थित एनएमडीसी-डीएव्ही आईटीआई में सत्र 2026-27 में प्रवेश के लिए वेल्डर तथा मेसन ट्रेड के लिए 10वीं उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं 17 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यार्थी समस्त दस्तावेजों की छायाप्रतियां सहित सभी कार्यालयीन दिवसों में प्रातः 11 बजे से सायं 4:30 बजे तक संस्था से प्रवेश आवेदन पत्र प्राप्त एवं जमा कर सकते है।

### बुजुर्ग से मारपीट के दोषियों पर कार्रवाई की मांग

**जगदलपुर।** शहर के विशाल मेगा मार्ट में एक बुजुर्ग व्यक्ति के साथ



कुछ रसूखदार लोगों ने मारपीट की। घटना निंदनीय एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। इस घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आ चुका है, जिसमें घटना स्पष्ट दिखाई दे रही है। इसके बावजूद अब तक दोषियों के विरुद्ध कोई ठोस कार्रवाई नहीं होना दुखद एवं चिंताजनक है।

प्रदेश कांग्रेस के संयुक्त महासचिव शंकर राव ने कहा कि जब घटना के स्पष्ट प्रमाण उपलब्ध हैं, तब भी कार्रवाई में देरी करना न्याय व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। कानून सभी के लिए समान होना चाहिए, चाहे कोई कितना भी प्रभावशाली या रसूखदार क्यों न हो। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध तत्काल कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। ताकि पीड़ित बुजुर्ग को न्याय मिल सके और समाज में कानून के प्रति लोगों का विश्वास बना रहे।

## महापौर, आयुक्त और पार्षदों ने मौके का लिया जायजा

# नगर निगम के नए भवन के लिए स्थल चयन शुरू

**25-25 लाख की लागत से दो आधुनिक शेड बनाए जाएंगे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

महापौर संजय पाण्डे ने शहर में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और नागरिक सेवाओं को प्रभावी बनाने की दिशा में कदम उठाया है। आज महापौर के मार्गदर्शन में पं. सुन्दरलाल शर्मा वार्ड में नगर निगम के नए कार्यालय भवन, निगम के मोटर वाहनों के लिए आधुनिक वर्कशॉप, वार्ड में सार्वजनिक उद्यान तथा 25-25 लाख रुपये की लागत से दो शेड निर्माण के लिए स्थल चयन हेतु एमआईसी सदस्य योगेंद्र पांडे, नगर निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा के साथ निरीक्षण किया गया। इस दौरान सभी प्रस्तावित निर्माण कार्यों के संबंध में तकनीकी एवं राजस्व संबंधी विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। सार्वजनिक उद्यान एवं दो नए शेड नागरिकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेंगे। उद्यान के विकसित होने से स्थानीय लोगों, बच्चों, महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों को स्वच्छ, हरित और मनोरम वातावरण मिलेगा। वहीं दोनों शेड सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सार्वजनिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए उपयोगी साबित होंगे।

महापौर ने कहा कि सुविधाओं का लाभ शहर वासियों को मिलता रहे यही हमारा उद्देश्य है। नए कार्यालय भवन से प्रशासनिक व्यवस्था मजबूत होगी, आधुनिक वर्कशॉप से निगम के वाहनों का बेहतर रखरखाव सुनिश्चित होगा, उद्यान से पर्यावरण संरक्षण एवं नागरिकों को स्वस्थ वातावरण मिलेगा तथा नए शेड सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा देंगे।



**ये रहे उपस्थित**

निरीक्षण के दौरान रामनरेश पांडे, मनीष मूलचंदानी, डी.के. पाराशर ,गौतम आचार्य,सोनू पांडे, कार्यपालन अभियंता गोपाल भारद्वाज, इंजीनियर प्रवीण पोयम, पटवारी सुरेश भदौरिया समेत राजस्व विभाग का अमला उपस्थित रहा।

## मुक्ति मोर्चा ने लगाया श्रम कानून का खुलेआम उल्लंघन का आरोप

# प्राइवेट एजेंसी की मनमानी से कर्मचारी परेशान

**दो माह से नहीं मिल रहा वेतन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) ने महारानी अस्पताल में आउटसोर्सिंग एजेंसी कॉल मी सर्विस के माध्यम से कार्यरत सफाई कर्मचारियों को दो माह से वेतन नहीं मिलने, न्यूनतम वैधानिक मजदूरी से कम भुगतान, साप्ताहिक सवैतनिक अवकाश एवं ओवरटाइम का भुगतान नहीं किए जाने तथा प्रत्येक नई निविदा के बाद वर्षों से कार्यरत कर्मचारियों को मनमाने ढंग से हटाए जाने के प्रकरण को प्रशासनिक एवं वित्तीय विफलता का उदाहरण बताया है।

अध्यक्ष नवनीत चांद ने कहा कि यह केवल एक अस्पताल का मामला नहीं है, बल्कि पूरे बस्तर संभाग में हजारों श्रमिकों के अधिकारों, सरकारी धन की पारदर्शिता और स्थानीय बेरोजगार युवाओं के भविष्य से जुड़ा विषय है। यदि शासन किसी निजी एजेंसी को करोड़ों रुपये का भुगतान कर रहा है, तो यह सुनिश्चित करना भी शासन की जिम्मेदारी है कि कर्मचारियों को श्रम विभाग द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी मिल रहा है या नहीं।

संगठन ने सरकार से मांग की है कि बस्तर संभाग के सभी जिलों में कार्यरत प्रत्येक आउटसोर्सिंग एवं मैनपावर एजेंसी का तकनीकी ऑडिट, वित्तीय ऑडिट, श्रम कानून अनुपालन ऑडिट एवं सामाजिक ऑडिट कराया जाए।



**कर्मचारियों को हटाने की प्रथा रोकें**

उन्होंने मांग की कि प्रत्येक नई निविदा के बाद वर्षों से कार्यरत कर्मचारियों को हटाने की प्रथा पर तत्काल रोक लगाई जाए। सरकार ऐसी नीति लागू करे जिसके अंतर्गत संतोषजनक सेवा देने वाले कर्मचारियों को एजेंसी बदलने या नया टेंडर होने के आधार पर रोजगार से वंचित न किया जाए और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर कार्य पर बनाए रखा जाए।

**चरणबद्ध आंदोलन करेंगे**

संगठन सभी जिलों में चरणबद्ध जनजागरण अभियान, ज्ञापन, धरना-प्रदर्शन एवं व्यापक लोकतांत्रिक जनआंदोलन प्रारंभ करेगा। यह संघर्ष केवल महारानी अस्पताल के कर्मचारियों का नहीं बल्कि बस्तर के हजारों श्रमिकों, स्थानीय बेरोजगार युवाओं और सार्वजनिक धन की पारदर्शिता का संघर्ष है।

## 12 वीं में अव्वल रही आन्या का हुआ सम्मान



**जगदलपुर।** विद्यापति अकादमी हाइयर सेकेंडरी स्कूल जगदलपुर की कक्षा बारहवीं में अध्ययनरत आन्या बाजपेयी का स्कूल प्रबधंक द्वारा मोमेंटो व प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया। जानकारी के मुताबिक आन्या बाजपेयी ने एक ओर जहां 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया तो वहीं दूसरी ओर जिले में सातवें स्थान पर रहकर जिले व स्कूल के अलावा परिवार का नाम रोशन किया। आन्या के सफलता पर प्राचार्य एवं शिक्षक गण द्वारा बधाई दी गई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। वहीं शाला के प्रबंधक श्रीमती अंजनी झा द्वारा मोमेंटो व प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया। आन्या ने अपनी इस सफलता का श्रेय स्कूल प्रबधंन के अलावा माता नीतू बाजपेयी व पिता अनिल कुमार बाजपेयी को दिया है।




# नियमों का पालन नहीं करने पर चालकों का होगा लाइसेंस निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- परिवहन नियमों का उल्लंघन कर रहे वाहनों पर कसेगा शिकंजा

बस्तर संभाग के विभिन्न सड़कों में परिवहन नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों (ओवरलोडिंग, बिना हेलमेट, सीटबेल्ट, शराब पीकर गाड़ी चलाना) के खिलाफ सख्त अभियान शुरू करेगा। इस कार्रवाई में भारी जुर्माना लगाया जा रहा है, 3 महीने तक के लिए लाइसेंस निलंबित किए जा रहे हैं, साथ ही गाड़ियां सीज की जाएगी।



बताया जा रहा है कि सड़क पर वाहन चलाते समय यातायात नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों को जुर्माना कार्रवाई के अलावा तीन माह तक लाइसेंस निरस्त किया जाएगा। वहीं शराब के नशे में ड्राइव करना या मालवाहक वाहनों पर यात्री ढोने वाले लोगों पर कार्रवाई की जाएगी। प्राप्त जानकारी अनुसार सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन के आदेश का पालन नहीं करने पर ऐसे लोगों का लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी। वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करते हुए पकड़े जाने पर लाइसेंस निरस्त किया जाएगा, नशे में वाहन तेज रफ्तार चलाने पर भी कार्रवाई होगी।

**चालकों पर होगी कार्रवाई**

संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि परिवहन नियमों का उल्लंघन करते पाए वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाएगा। मालवाहक में यात्री ढोते हुए पकड़े जाने पर एवं ओवरलोड वाहन चलाने वाले चालकों पर कार्रवाई की जाएगी।

